# 38. विश्व की प्राकृतिक वनस्पति

1. सदाबहार वर्षा वन कहाँ पाये जाते हैं ?
(a) आस्ट्रेलिया (b) ब्राजील (c) कनाडा (d) फ्रांस

2. सदाबहार किस्म के वन कहाँ पाए जाते हैं ?
(a) भूमध्यसागरीय क्षेत्र (b) भूमध्यरेखीय क्षेत्र
(c) मरु क्षेत्र (d) मॉनसून जलवायुवीय क्षेत्र
*[SSC 2015]*

3. निम्नलिखित में से कहाँ विस्तृत अयनवर्तीय वन पाये जाते हैं ?
(a) कांगो घाटी में (b) गंगा घाटी में
(c) ह्वांगहो घाटी में (d) मर्रे-डार्लिंग घाटी में

4. निम्नलिखित जंगलों में से कौन-सा जंगल 'पृथ्वी ग्रह के फेफड़ों' के रूप में जाना जाता है ?
(a) टुण्ड्रा वन (b) अमेजन वर्षा वन
(c) पूर्वोत्तर भारत के वर्षा वन (d) टैगा वन *[RAS/RTS 2013]*

5. विषुवतरेखीय वन प्रदेशों में पेड़ों पर चढ़ी लताओं को क्या कहा जाता है ?
(a) लियाना (b) पटाना (c) लाइकेन (d) लोगॉन

6. विषुवतरेखीय वनों को ब्राजील में किस नाम से जाना जाता है ?
(a) चैपरेल (b) फजेण्डा (c) मैक्वीस (d) सेल्वास

7. विषुवतरेखीय वर्षा वनों का सबसे बड़ा प्रदेश किस महाद्वीप में है ?
(a) अफ्रीका (b) दक्षिण अमेरिका
(c) उत्तर अमेरिका (d) आस्ट्रेलिया

8. अधिपादप मुख्यतः पाये जाते हैं—
(a) कोणधारी वनों में (b) मानसूनी वनों में
(c) सवाना वनस्थली में (d) विषुवतीय वनों में

9. विषुवतरेखीय वनों में वृक्ष लम्बे होते हैं क्योंकि—
(a) उनमें अधिक से अधिक सूर्य की रोशनी पाने की होड़ होती है।
(b) भूमि सर्वाधिक उपजाऊ है। (c) जल की बहुलता है
(d) इस क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड का घनत्व अधिक होता है।

10. प्राकृतिक वनस्पति का सर्वाधिक विकसित क्षेत्र है—
(a) प्रेयरी (b) टुण्ड्रा (c) टैगा (d) पतझड़ वन

11. सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है—
(a) टुण्ड्रा में (b) शंकुधारी वनों में
(c) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में (d) शीतोष्ण वनों में *[UPPCS 2016]*

12. सबसे अधिक टैगा वन किस क्षेत्र में पाये जाते हैं ?
(a) साइबेरिया (b) आस्ट्रेलिया (c) चिली (d) भारत

13. स्प्रूस, फर तथा चीड़ मुख्य रूप से पाये जाते हैं—
(a) टैगा वनों में (b) मानसूनी वनों में
(c) भूमध्यसागरीय वनों में (d) भूमध्यरेखीय वनों में

14. निम्नलिखित में से किसे शीतोष्ण कटिबंधीय चौड़ी पत्ती वाले सदापर्णी वन कहते हैं ?
(a) मानसूनी वन (b) टुण्ड्रा वन
(c) टैगा वन (d) भूमध्यसागरीय वन

15. उष्ण कटिबन्धीय मरुभूमियों में मिलने वाली बबूल, कैक्टस आदि वनस्पतियों को क्या कहा जाता है ?
(a) हाइग्रोफाइट (b) जीरोफाइट (c) ब्रायोफाइट (d) लिथोफाइट

16. मलेरिया की दवा कुनैन निम्न में से किस वृक्ष से प्राप्त की जाती है ?
(a) यूकेलिप्टस (b) वालनट (c) सिनकोना (d) राउल्फिया

17. भूमध्यसागरीय वन का नाम नहीं है—
(a) माकी (b) मैटोरल (c) गैरी (d) बोरियल

18. किस वन को जन्तुओं की दृष्टि से 'प्राकृतिक प्राणी उद्यान' (Natural Zoo) कहा जाता है ?
(a) स्टेपी वन (b) मानसूनी वन
(c) सवाना वन (d) इनमें से सभी को

19. सुमेलित कीजिए—

| **सूची-I** (वन के प्रकार) | **सूची-II** (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन | 1. घाना |
| B. विषुवतरेखीय वन | 2. स्कैन्डिनेविया |
| C. भूमध्यसागरीय वन | 3. इण्डोनेशिया |
| D. कोणधारी वन | 4. फिलीपीन्स |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

20. विश्व के वन क्षेत्रों में से किस एक के फैलाव की प्रतिशतता सर्वाधिक है ?
(a) शीतोष्ण शंकुधारी वन (b) शीतोष्ण पर्णपाती वन
(c) उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी वन (d) उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन
*[IAS 2003]*

21. उष्ण कटिबन्धीय वनों में लकड़ी उद्योग पिछड़ी अवस्था में है। इसका कारण है—
1. वृक्षों की प्रजाति का मिश्रित रूप में पाया जाना
2. परिवहन की सुविधा का अभाव
3. वृक्षों की लकड़ियों का कठोर होना
4. अस्वास्थ्यकर जलवायु
कूट :
(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3
(c) 2, 3 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

22. अफ्रीका में विषुवत रेखा से कर्क रेखा की ओर निम्नलिखित का सही क्रम क्या होगा ?
1. विषुवतीय वर्षा वन 2. सवाना वन
3. सवाना घास 4. मरुस्थलीय झाड़ियाँ
कूट :
(a) 1, 3, 2, 4 (b) 2, 1, 3, 4 (c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 3, 1, 4

23. सिनकोना के वृक्ष किस वन में पाये जाते हैं ?
(a) विषुवतीय वन (b) भूमध्यसागरीय वन
(c) सवाना वन (d) टैगा वन

24. ओक, बीच, बर्च, वालनट, एल्ब आदि के वृक्ष कहाँ पाये जाते हैं?
(a) शीतोष्ण वर्षा वन (b) मध्य अक्षांशीय पर्णपाती वन
(c) भूमध्यसागरीय वन (d) विषुवतीय वन

25. मोन्टाना वन पाये जाते हैं—
(a) रॉकी पर्वत की पूर्वी ढाल पर (b) रॉकी पर्वत की पश्चिमी ढाल पर
(c) एण्डीज पर्वत की पश्चिमी ढाल पर (d) एण्डीज पर्वत की पूर्वी ढाल पर

26. निम्नलिखित में से किस वन को 'बोरियल वन' के नाम से भी जाना जाता है?
(a) विषुवतीय वर्षा वन (b) भूमध्यसागरीय वन
(c) शंकुधारी वन (d) सवाना वन

27. शीतोष्ण कटिबन्धीय शंकुधारी वन का सर्वाधिक विस्तार पाया जाता है—
(a) रूस में (b) उत्तर अमेरिका में
(c) ब्राजील में (d) स्कैन्डिनेविया में

28. निम्नलिखित में से किस वन का विस्तार सर्वाधिक क्षेत्रफल पर पाया जाता है?
(a) विषुवतीय वर्षा वन (b) शीतोष्ण शंकुधारी वन
(c) सवाना वन (d) मानसूनी वन

29. विषुवतीय वर्षा वन की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नहीं होती है?
(a) चौड़ी पत्ती वाले वृक्ष
(b) निचले स्तर पर सघन झाड़ियाँ एवं फूलदार पौधे
(c) लियाना की अधिकता (d) परपोषित पौधों की अधिकता

30. टुण्ड्रा वनस्पति का सर्वाधिक विस्तार पाया जाता है—
(a) अण्टार्कटिका में (b) उत्तर अमेरिका में
(c) रूस में (d) स्कैन्डिनेविया में

31. अमेजन नदी की घाटी में विषुवतरेखीय उष्णार्द्र वन को कहा जाता है—
(a) लानोस (b) पम्पास (c) वेल्ड (d) सेल्वास

32. विषुवतरेखीय उष्णार्द्र वन के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) यह कठोर लकड़ी वाला एवं सदापर्णी वन होता है।
(b) इसका विस्तार विषुवत रेखा के दोनों ओर 10° उत्तरी तथा 10° दक्षिणी अक्षांशों के बीच पाया जाता है।
(c) इस वन की सघनता बहुत अधिक होती है।
(d) इस प्रकार के वन में एक ही प्रकार के वृक्षों की बहुलता होती है।

33. मानसूनी वन के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) इसका विस्तार मध्य एवं उत्तर पूर्वी भारत, म्यान्मार, वियतनाम, थाईलैंड, लाओस, कम्बोडिया, ब्राजील तथा उत्तरी आस्ट्रेलिया में पाया जाता है।
(b) इसे पर्णपाती वन भी कहा जाता है।
(c) इस प्रकार के वनों में वृक्षों के नीचे सघन झाड़ियाँ एवं घासों के घने झुण्ड पाये जाते हैं।
(d) इस प्रकार के वन की सघनता बहुत अधिक होती है।

34. भूमध्यसागरीय वन से सम्बन्धित निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) इन वनों का विस्तार महाद्वीपों के पूर्वी भागों में 30° से 45° अक्षांशों के बीच दोनों गोलार्द्धों की उपोष्ण कटिबन्धीय जलवायु वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।
(b) इन वनों की सबसे प्रमुख विशेषता यहाँ जाड़े की ऋतु में पछुआ पवनों द्वारा होने वाली वर्षा है।
(c) इन वनों के वृक्षों की जड़े लम्बी तथा छालें व पत्तियाँ मोटी होती है।
(d) भूमध्यसागरीय वनों में पायी जाने वाली झाड़ियों को चापरैल या माकी (Chaparrel or Maqui) कहते हैं।

35. निम्नलिखित में से किस प्रकार के वनों का विस्तार केवल उत्तरी गोलार्द्ध में पाया जाता है?
(a) विषुवतरेखीय उष्णार्द्र वन (b) भूमध्यसागरीय वन
(c) मानसूनी वन (d) समशीतोष्ण कोणधारी वन

36. साइबेरिया क्षेत्र में समशीतोष्ण कोणधारी वन को किस नाम से जाना जाता है?
(a) टुण्ड्रा (b) टैगा (c) पार्कलैंड (d) सवाना

37. शंकुधारी वन कहाँ पाये जाते हैं?
(a) गर्म शीतोष्ण क्षेत्र (b) शीत शीतोष्ण क्षेत्र
(c) उप आर्कटिक क्षेत्र (d) ध्रुवीय क्षेत्र

38. मुलायम लकड़ी के कोणधारी वन मुख्यतः पाये जाते हैं—
(a) 30°N – 40°N (b) 50°N – 70°N
(c) 60°N – 70°N (d) 30°N – 60°N

39. विषुवतीय वन के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) ये वन अधिकतर अमेजन घाटी, कांगो घाटी तथा विषुवतीय प्रशान्त द्वीप में पाये जाते हैं।
(b) ये वन व्यावहारिक रूप से उपयोग में नहीं लाये जाते है।
(c) ये वन बहुत अधिक घने हैं।
(d) ये वन शीतोष्ण वन के नाम से भी जाने जाते हैं।

40. डेलबर्जिया जाति निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्धित है?
(a) काजू (b) कॉफी (c) चाय (d) शीशम
[IAS 2007]

41. भूमध्य रेखा के निकट किस तरह के वन पाए जाते हैं?
(a) पतझड़ी वन (b) शंकुधारी वन
(c) घास स्थल वन (d) उष्ण कटिबंधीय वन
[UPPCS 2007]

42. निम्नलिखित में से किस देश में उसके भौगोलिक क्षेत्र का उच्चतम प्रतिशत वनाच्छादित है?
(a) चीन (b) ऑस्ट्रेलिया (c) भारत (d) यू. के.
[UPPCS 2015]

## उत्तरमाला

1. (b) 2. (b) 3. (a) 4. (b) 5. (a) 6. (d) 7. (b) 8. (d) 9. (a) 10. (d) 11. (c) 12. (a) 13. (a)
14. (d) 15. (b) 16. (c) 17. (d) 18. (c) 19. (a) 20. (d) 21. (d) 22. (c) 23. (a) 24. (b) 25. (d) 26. (c)
27. (a) 28. (a) 29. (b) 30. (b) 31. (d) 32. (d) 33. (d) 34. (c) 35. (d) 36. (b) 37. (b) 38. (b) 39. (d)
40. (d) 41. (d) 42. (c)